***प्रेस नोट*** ***दिनांक 05.10.2025***

**अन्जान व्यक्ति द्वारा फॉड की गयी 1,49,950/- रु0 कुल धनराशि (एक लाख उन्चास हजार नौ सौ पचास) रुपये थाना रामपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा वापस कराया गया–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साइबर अपराध के माध्यम से आंनलाइन ठगी गयी धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही के परिप्रेक्ष्य में थाना रामपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा सार्थक प्रयास करते हुए यूपीआई के माध्यम से अन्जान व्यक्ति के द्वारा खाते से फ्रॉड की गयी कुल धनराशि 1,49,950(एक लाख उन्चास हजार नौ सौ पचास) रुपये, पीडित फैजान अहमद नि0 फतेहपुर मण्डाव थाना रामपुर जनपद मऊ। आवेदक के कुल धनराशि 1,49,950 रुपये की सम्पूर्ण धनराशि अथक प्रयास कर उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना रामपुर के अधिकारी/कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। साइबर अपराध किसी के साथ और किसी भी प्रकार से घटित हो सकता है। बस जागरुक रहकर ही साइबर अपराध से बचा जा सकता है।

बरामदकर्ता पुलिस टीम–

1. उ0नि0 अभिषेक तिवारी
2. उ0नि0 अनुराधा
3. क0आ0 प्रतीक
4. आरक्षी नीलेश मिश्रा

**02 वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार** –

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे जनपद के विभिन्न थानों द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर दिनांक 05.10.2025 को थाना रामपुर पुलिस द्वारा वारंटी अभियुक्त इसरार पुत्र जैनुद्दीन निवासी मर्यादपुर थान रामपुर जनपद मऊ व थाना कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटी

अभियुक्त धीरज ठठेरा पुत्र ओमप्रकाश ठठेरा निवासी मुन्शीपुरा थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

**गुमशुदा/खोए 01मोबाइल फोन लगभग 13,000 (तेरह हजार) रुपये कीमती बरामद कर स्वामी को किया गया सुपुर्द–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना मुहम्मदाबाद साइबर टीम द्वारा थाना स्थानीय पर दर्ज गुमशुदगी को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुमशुदा मोबाइल धारक का थाना स्थानीय पर नियुक्त साइबर टीम द्वारा थाना मुहम्मदाबाद में गुमशुदा एक मोबाइल oppo A 53 कीमत करीब 13000 रुपये आवेदक लक्ष्मण चौहान पुत्र शिवधन चौहान निवासी सेमरी पोस्ट कोलौरा थाना मु0बाद गोहना जनपद मऊ को सुपुर्द किया गया आवेदक द्वारा उच्चाधिकारियों व थाना मुहम्मदाबाद थाना रामपुर के अधिकारी/ कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

श्रीमान् पुलिस अधीक्षक जनपद मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 05.10.2025 को जनपद के समस्त थाना क्षेत्रान्तर्गत प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष मय एण्टी रोमियो टीम के साथ थाना क्षेत्र में भ्रमणशील होकर स्कूल / कालेज , मन्दिर ,मस्जिद व चौराहो पर चेकिंग किया गया जिसमें 02 पहिया वाहन पर तेज रफतार ,मनचले लड़के व स्टण्टबाजी करते हुये मोटरसाइकिल सवारों, स्कूल की लड़कियों को परेशान करने वाले तथा विद्यालय के आस-पास स्टंट करने वालो की चेकिंग की गयी। तीन सवारी बैठकर तेज गति व लापरवाही से मोटरसाइकिल चलाने वाले तथा स्कूल के आसपास आने जाने वाली लड़कियों को देखकर हरकते करने वालो के विरूद्ध विभिन्न थानों द्वारा निम्न कार्यवाही की गयी।

जिसमें जनपद के समस्त थानों द्वारा चेकिंग संदिग्ध रुप से घूमते पाये गये 92 शोहदो को चेतावी दी गई के दौरान 86 बन्ध पत्र भरवाये गये उसी क्रम में वाहन चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान गलत पाये जाने पर 54 गाडियों का चालान किया गया।

थानावार कार्यवाही निम्नवत है।–

1. थाना दक्षिण टोला- चेकिंग के दौरान सन्दिग्ध रुप से घूमते हुए पाये गये शोहदो को परिवारजन को बुलाकर 62 को चेतावनी दिया गया। 45 का बन्ध पत्र भरवाये गये । उसी क्रम मे वाहन चेकिंग की गयी । दौराने चेकिंग अवैध पाये जाने पर 15 वाहनों का चालान किया किया गया ।

2. थाना मुहम्मदाबाद– चेकिंग के दौरान सन्दिग्ध रुप से घूमते हुए पाये गये शोहदो को परिवारजन को बुलाकर 30 लोगो को चेतावनी दी गयी, 15 का बन्ध पत्र भरवाये गये तथा 20 वाहनो का चालान किया गया।

3. थाना हलधरपुर –चेकिंग के दौरान सन्दिग्ध रुप से घूमते हुए पाये गये शोहदो को 14 का बन्ध पत्र भरवाये गये । उसी क्रम मे वाहन चेकिंग की गयी । दौराने चेकिंग अवैध पाये जाने पर 12 वाहनों का चालान किया किया गया

4. थाना चिरैयाकोट -- चेकिंग के दौरान सन्दिग्ध रुप से घूमते हुए पाये गये शोहदो को 12 का बन्ध पत्र भरवाये गये तथा 07 वाहनो का चालान किया गया।